# 133076 - क्या कफ़्फ़ारा में बच्चों को खाना खिलाना पर्याप्त है?

## प्रश्न

क्या क़सम के कफ़्फ़ारा में बच्चों को गरीबों (मिसकीनों) में से माना जाएगा? और क्या खाना खिलाने में कोई विशिष्ट भोजन होगा या कोई भी भोजन हो सकता है?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह के लिए योग्य है।

"सबसे पहले :

यदि शरई तौर पर बच्चों पर खर्च करने का ज़िम्मेदार व्यक्ति गरीब है, और बच्चों के पास कोई धन नहीं है जिससे वह उन पर खर्च कर सके, तो कफ़्फ़ारा में उनका एतिबार मिसकीनों की संख्या में किया जाएगा।

दूसरा :

तथा कफ़्फ़ारात में माना जाने वाला भोजन वह है जो उस जिन्स के औसत से हो जिससे कफ़्फ़ारा देनेवाला स्वयं खाता है और अपने परिवार को खिलाता है, जैसे- खजूर, या गेंहू, या मकई या चावल या अन्य पदार्थ।

और अल्लाह तआला ही तौफ़ीक़ प्रदान करने वाला है, तथा अल्लाह तआला हमारे पैगंबर मुहम्मद, उनके परिवार और उनके साथियों पर दया एवं शांति अवतरित करे।

वैज्ञानिक अनुसंधान और इफ़्ता की स्थायी समिति,

शैख अब्दुल अज़ीज़ बिन बाज़ .. शैख अब्दुर् रज़्ज़ाक़ अफ़ीफ़ी .. शैख अब्दुल्लाह बिन ग़ुदय्यान .. शैख अब्दुल्लाह बिन क़ऊद।

"फतावा स्थायी समिति, द्वितीय संग्रह" (9/219)।